गढ़वाली समाज ने मनाई प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

भोपाल, 10 फरवरी. गढ़वाली समाज ट्रस्ट द्वारा साउथ टीटी नगर स्थित बद्रीनाथ मंदिर में मंगलवार को भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ समारोह मनाया गया. ट्रस्ट के अध्यक्ष विजयश्री नेगी ने बताया कि इस मौके पर गढ़वाली समाज के अल्मोड़ा, टिहरी, पिथौरागढ़ और अन्य क्षेत्रों के प्रवासी बंधु एकत्रित हुए और सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं.

बीएसएसएस में दंगल 2026 का ग्रैंड फिनाले 20-21 को

भोपाल, 10 फरवरी. भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) में 20 और 21 फरवरी 2026 को दंगल 2026 का ग्रैंड फिनाले होस्ट करने जा रहा है. यह इंटर-डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स मीट, जिसने इस साल की शुरुआत में फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे इवेंट्स कर पूरे कैंपस में जोश जगाया, अब अनेक कॉम्पिटिशन, सेलिब्रेशन और कम्युनिटी स्पिरिट से भरा ग्रैंड फिनाले जिस में डांस और म्यूज़िक कॉम्पिटिशन, मिस एंड मिस्टर हरक्यूलिस, आर्म रेसलिंग, क्रॉसफिट चैलेंज, फ़ूड स्टॉल्स, सिक्स-हिट शोडाउन और सेल्फी पॉइंट चैलेंज जैसे हाई-स्टेक्स एक्शन होंगे, और जिनका अंत अल्टीमेट चैंपियन को क्राउन पहनाने से होगा. इसमें स्टूडेंट्स, फैकल्टी, एल्युमनाई और लोकल कम्युनिटी को एथलेटिक स्किलयुक्त खिलाड़ी रहेंगे.

औजार कम, समय की भी बचत

डेंटल सर्जरी... एम्स भोपाल के स्वदेशी शल्य उपकरण को मिला पेटेंट

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 10 फरवरी. एम्स भोपाल के चिकित्सकों द्वारा विकसित दंत एवं मुख शल्य चिकित्सा के लिए बहुउद्देश्यीय शल्य उपकरण को भारत सरकार से पेटेंट मिल गया है. यह स्वदेशी नवाचार दंत इम्प्लांट और माइनर ओरल सर्जरी को अधिक सरल, सुरक्षित और समय की बचत वाला बनाएगा. इस उपकरण के मुख्य आविष्कारक डॉ. अंशुल राय हैं. इसमें डॉ. बाबूलाल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. जेनिश भट्टी, डॉ. मोनिका राय ने सह-आविष्कारकों के रूप में योगदान दिया.

विशेषज्ञों के अनुसार यह उपकरण ग्रामीण क्षेत्रों, सीमित संसाधनों वाले क्लीनिकों, मोबाइल दंत इकाइयों और

डॉ. अंशुल राय

निःशुल्क दंत शिविरों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा. यह उपलब्धि स्वदेशी नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. एम्स भोपाल अपने शोध और जनोपयोगी चिकित्सा नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है. यह पेटेंट उसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है.

> चिकित्सकों ने दंत शल्य चिकित्सा के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखकर इस उपकरण को डिजाइन किया है. बता दें स्विस नाइफ जैसी संरचना वाले इस कॉम्पैक्ट और हल्के उपकरण से सर्जरी के दौरान कई अलग-अलग औजारों की जरूरत कम हो जाएगी. जिससे प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी और सर्जरी में लगने वाला समय भी घटेगा. कम उपकरणों के उपयोग से लागत में कमी आएगी और मरीजों की रिकवरी अपेक्षाकृत तेज हो सकेगी.

वन भवन में एसबीआई लॉबी का शुभारंभ

वन कर्मियों को बैंकिंग कार्य के लिये नहीं जाना पड़ेगा बाहर

भोपाल, 10 फरवरी. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अंबाडे ने मंगलवार को वन भवन परिसर में एसबीआई लॉबी का शुभारंभ किया. इससे एटीएम मशीन द्वारा कैश आहरण की सुविधा उपलब्ध होगी. साथ ही बैंकिंग संबंधी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी. परिसर में ई-लॉबी खुलने से स्थानीय शासकीय सेवकों को बैंक आदि कार्य के लिये अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय की बचत होगी.

अंबाडे द्वारा परिसर में खानपान एवं स्वल्पाहार के लिये कैफेटेरिया का भी उद्घाटन किया गया. इससे अधिकारी-कर्मचारियों को परिसर में ही स्वल्पाहार की सुविधा मिल सकेगी. साथ ही परिसर में निकट भविष्य में सांची पार्लर भी स्थापित किया जायेगा. वन भवन के उत्तम प्रबंधन के लिये रेंज ऑफिसर कक्ष भी स्थापित किया गया है, जिससे वे स्थानीय स्तर पर वन भवन की अधोसंरचना संबंधी समस्याओं का समाधान त्वरित गति से कर सकेंगे.

आज 15 इलाकों में होगी बिजली कटौती

भोपाल, 10 फरवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बुधवार को भोपाल शहर के करीब 15 इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इसके लिए इन इलाकों में बिजली कटौती होगी. बुधवार सुबह 8 से 10 बजे तक 45 बंगलो, बेतवा अपॉर्टमेंट, जीटीबी कॉम्पलेक्स. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक दाता कॉलोनी. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दानिश कुंज-2, 3, 4 और 5, विराशा हाइट, सिंगापुर सिटी कॉलोनी, सिद्धी-समृद्धि हाइट्स एवं सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

बीयू में अवैध मांगों की जिद में पढ़ाई, परीक्षाओं पर असर

▸ सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का मामला

भोपाल, 10 फरवरी. बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में विगत दिवस कुछ छात्रों के धरना प्रदर्शन ने पूरे शैक्षणिक माहौल को प्रभावित कर दिया. अवैध और तथ्यों से परे मांगों को लेकर किए गए इस प्रदर्शन के कारण विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कार्य ही नहीं, बल्कि परीक्षाएं भी बाधित हो गईं. सबसे अधिक परेशानी उन छात्र-छात्राओं को हुई जो तय समय पर परीक्षाएं देने पहुंचे थे.

प्रदर्शनकारी छात्रों का दावा था कि विश्वविद्यालय के मैदान क्रमांक तीन पर सिंथेटिक

एथलेटिक ट्रैक के निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2019 में विभाग द्वारा भेजा गया था. जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्ष 2019 में केवल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव भवन समिति की बैठक में स्वीकृत हुआ था. उस समय वित्तीय व्यवस्था न होने के कारण यह निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका. जिसके सन्दर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2025 में पीएम उषा योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है. इससे पहले वर्ष 2015 में इस मैदान के लिए बजट स्वीकृति का प्रस्ताव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली को भेजा गया था, लेकिन तब राशि मंजूर नहीं की गई थी.

प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को सभी संबंधित दस्तावेज और प्रस्तावों की जानकारी दी, इसके बावजूद धरना प्रदर्शन जारी रखा गया. इसका सीधा असर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग और विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित परीक्षाओं पर पड़ा. कई छात्र असमंजस में नजर आए, तो कई अभिभावकों ने भी नाराजगी जताई. विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि परीक्षा और शैक्षणिक कार्यों को बाधित करने का प्रयास छात्र हित के बिल्कुल विपरीत है. शिक्षा के मंदिर में इस तरह की अव्यवस्था न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि भविष्य के प्रति छात्रों की जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े करती है.

एक नजर में

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रोपे 11 पौधे

भोपाल, 10 फरवरी. पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए भोपाल स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, दीक्षा विहार कॉलोनी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर 11 पौधे लगाए गए, जिनमें आम, कटहल, गुलाब सहित अन्य छायादार एवं फलदार पौधे शामिल रहे. कार्यक्रम में भोपाल कांग्रेस कमेटी वार्ड क्रमांक 72 के अध्यक्ष राजेश पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि 'पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण दे सकते हैं.' वृक्षारोपण कार्यक्रम में रामबाबू धाकड़, केशव नामदेव, दयालाल, बृजेश प्रजापति, वीर सिंह विश्वकर्मा, मंदिर के पुजारी भागवत शर्मा सहित अनेक स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया. कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि लगाए गए पौधों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है.

अनिल साहू 'अकेला' बने प्रदेश महासचिव

भोपाल, 10 फरवरी. मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में निर्णय लेते हुए,सभा के पूर्व अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं हाई पावर कमेटी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू द्वारा अनिल कुमार साहू 'अकेला' को म.प्र तैलिक साहू सभा के महासचिव पद का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है. साथ ही संगठन की वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मदनलाल साहू (एसबीआई) को कोषाध्यक्ष तथा हरि भाई साहू को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है. इस अवसर पर डॉ. प्रकाश सेठ, डॉ. हेमराज साहू, हरिशंकर साहू, रमेश साहू (बैरसिया), जीवनलाल साहू, डॉ. एच.एल. साहू, आर.सी. साहू, विजय साहू, विनोद साहू, विवेक साहू, बृज

सीएम ने पूर्व विस अध्यक्ष स्व. शुक्ल को अर्पित की पुष्पांजलि

जयंती... विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी किया स्मरण

भोपाल, 10 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर विधानसभा परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की.

विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. शुक्ल के परिजन ने भी चित्र पर पुष्पांजलि की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 10 फरवरी 1930 को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जन्मे राजेंद्र प्रसाद

शुक्ल, वर्ष 1985 से 1990 तक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे. उन्होंने छत्तीसगढ़ क्षेत्र में पदयात्राओं के माध्यम से जन जागरण का कार्य किया. लोकप्रिय जन नेता रहे शुक्ल राज्य सरकार में विधि-विधायी एवं सामान्य प्रशासन मंत्री भी रहे. छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद, उन्होंने 14 दिसंबर 2000 से 19 दिसंबर 2003 तक छत्तीसगढ़ के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया. स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने 'असंसदीय अभिव्यक्तियां' नामक पुस्तक की संकल्पना की, जो विधायी कामकाज पर एक महत्वपूर्ण संदर्भ है. उन्होंने संसदीय मामलों सहित कई पुस्तक लिखीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष रहे व्यक्तित्वों की जयंती और पुण्यतिथि पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन में उन्हें स्मरण करने की परंपरा स्थापित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष तोमर की सराहना करते हुए उनका आभार माना.

नटराज भगवान शिव के तांडव नृत्य का प्रतीक

भोपाल, 10 फरवरी. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में बुधवार को शाम 4:00 बजे माह का प्रदर्श (एक्सहिबिट ऑफ द मंथ) कार्यक्रम के अंतर्गत 'नटराजः नृत्य के देव-श्रीकालहस्ती की पारंपरिक कलमकारी चित्रकला' का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा.

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ पी. शंकर राव, असिस्टेंट क्यूरेटर द्वारा किया जा रहा है. प्रदर्शित कलाकृति 'शिव नटराज - द लॉर्ड ऑफ डांस' आंध्र प्रदेश के तिरुपति ज़िले के पवित्र मंदिर नगर श्रीकालहस्ती से जुड़ी कलमकारी परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है. यह कला लगभग 3000 वर्ष पुरानी मानी जाती है और प्राकृतिक रंगों तथा बांस की कलम (कलम) से सूती कपड़े पर किए गए मुक्तहस्त चित्रांकन के लिए विश्वविख्यात है. नटराज शब्द संस्कृत के 'नट' (नृत्य) और 'राजा' (राजा) से मिलकर बना है, जिसका आशय 'नृत्य के राजा' से है. नटराज के रूप में भगवान शिव का तांडव नृत्य सृष्टि के सृजन, संरक्षण और संहार के ब्रह्मांडीय चक्र का प्रतीक माना जाता है. प्रस्तुत कलमकारी चित्र में तांडव की वही दिव्यता, ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना सजीव रूप में उभरकर सामने आती है.

▸ मानव संग्रहालय में 'माह का प्रादर्श' के तहत चित्रकला' का प्रदर्शन

श्रीकालहस्ती कलमकारी शैली में रामायण, महाभारत और पुराणों जैसे पौराणिक आख्यानों को निरंतर कथात्मक रूप में दर्शाने की समृद्ध परंपरा रही है. प्रत्येक दृश्य को आयताकार खंडों में चित्रित किया जाता है तथा कई बार विषय से संबंधित श्लोक भी चित्र के साथ अंकित होते हैं. संग्रहालय के जन संपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि,वर्ष 2006 में जीआई टैग प्राप्त कर चुकी श्रीकालहस्ती कलमकारी आज भी भारतीय लोक कला, आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है.

जनसुनवाई में पहुंची 170 शिकायतें

भोपाल 10 फरवरी. जिला कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई की गई, जिसमें 170 आवेदन पहुंचे. जिनकी जनसुनवाई जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम प्रकाश नायक, एवं पी सी शाक्य ने की, जहां पर नागरिकों के आवेदनों के साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या को जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया. उल्लेखनीय है कि हर मंगलवार जनसुनवाई का आयोजन होता है.

एसजीएसयू की जमना केवट ने जीता स्वर्ण

▸ सागर में हुई 52 किग्रा जूडो स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन

भोपाल, 10 फरवरी. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल की बी.पी.ई.एस. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जमना केवट ने खेलो एमपी यूथ गेम्स में 52 किलोग्राम महिला वर्ग जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. यह प्रतियोगिता सागर में आयोजित की गई.

जमना ने प्रतियोगिता के दौरान कुल 6 मुकाबले खेले और सभी में

उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. फाइनल मुकाबला नरसिंहपुर और भोपाल के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल की जमना केवट ने शानदार दांव लगाते हुए इप्पोन से जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल हासिल किया. इस उपलब्धि पर एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि जमना केवट की यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है.

रंग महिमा-रंग उत्सव ▸ रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक का मंचन

खामोश अदालत ने दिखाया समाज का सच

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल,10 फरवरी. रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आयोजित रंग महिमा रंग उत्सव के दूसरे दिन मंचित नाटक खामोश अदालत जारी है ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया. अविराम जनकल्याण संस्था भोपाल की प्रस्तुति इस नाटक ने एक महिला के निजी जीवन और समाज की कठोर सोच के टकराव की कहानी को बेहद प्रभावशाली तरीके से मंच पर उतारा.

नाटक की कथा मिस बेनारे नाम की एक चंचल और आत्मनिर्भर अभिनेत्री के इर्द गिर्द घूमती है. वह अपने जीवन में प्रेम और विश्वासघात दोनों का सामना करती है. अपने से अधिक उम्र के

व्यक्ति से प्रेम में धोखा मिलने और गर्भावस्था जैसी स्थिति के बावजूद वह साहस के साथ जीवन आगे बढ़ाने का निर्णय लेती है. लेकिन उसके अपने साथी कलाकार ही एक नकली अदालत का नाटक रचते हैं और मजाक मजाक में उसकी निजी सच्चाई को सबके सामने उजागर कर देते हैं. यही घटना नाटक का सबसे मार्मिक और कड़वा मोड़ बनती है. नाटक यह सवाल खड़ा करता है कि किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर फैसला सुनाने का अधिकार समाज को क्यों मिल जाता है. वहीं विजय तेंदुलकर की लिखी यह कहानी समाज के खोखले नैतिक मूल्यों को बेनकाब करती है. नाटक में मिस बेनारे के किरदार में आरती विश्वकर्मा ने दर्द और साहस के बीच संघर्ष को बेहद सजीव किया. अन्य कलाकारों ने भी अपने किरदारों को मजबूती से निभाया. वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील राज के निर्देशन ने नाटक को गहराई और संवेदनशीलता दी.

बन्ना-बन्नी गीत के साथ आज बटेश्वर को चढ़ेगी हल्दी

भोपाल, 10 फरवरी. श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान बुधवार को बाबा बटेश्वर को हल्दी लगा कर मेहंदी रचाई जाएगी. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि बुधवार शाम 6 बजे बटेश्वर महिला मंडल के द्वारा हल्दी- मेहंदी के गीतों एवं विवाह महोत्सव में गाई जाने वाली गारी- गीतों तथा भोला पार्वती के भजनों की प्रस्तुति के साथ बाबा बटेश्वर को हल्दी लगा कर मेहंदी रचाई जाएगी.

रात्रि 9 बजे सभी शिवभक्त मां भवानी मंदिर सोमवारा बाबा बटेश्वर की ससुराल पहुंचेंगे. यहां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी के द्वारा स्वागत सत्कार के बाद माता पार्वती को हल्दी एवं मेहंदी लगाई जाएगी. यहां भी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा.

महाशिवरात्रि पर दादाजी धाम में चारों प्रहर होंगे अभिषेक

भोपाल, 10 फरवरी. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. कार्यक्रमों की शुरुआत 14 फरवरी को सायं 6:00 बजे से होगी. इस अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती को मेहंदी-हल्दी लगाई जाएगी. महिलाओं द्वारा बन्ना-बन्नी के मंगल गीत गाए जाएंगे तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा. 15 फरवरी रविवार को

प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में विशेष रुद्राभिषेक संपन्न होंगे. सायं 5:00 बजे से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें रथ, डीजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ वर्धमान सिटी एवं पटेल नगर क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा. इस अवसर पर मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा आकर्षक विद्युत साज-सज्जा (लाइटिंग) की जाएगी. महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर विशेष अभिषेक किए जाएंगे. प्रथम प्रहर में चंद्र दोष निवारण के लिए दूध से, द्वितीय प्रहर में लक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने के रस, तृतीय प्रहर में रोग नाश के लिए शहद तथा चतुर्थ प्रहर में मोक्ष प्राप्ति के लिए गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा. रात्रि 8:00 बजे से विश्व जनकल्याण, अमन-शांति एवं सुख-समृद्धि की मंगल कामना के साथ भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा.